पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने एनआईए अधिकारी की हत्या पर दुःख व्यक्त किया

लखनऊः 4 अप्रैल, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने राष्ट्रीय जांच एजेन्सी के उप अधीक्षक तंजील अहमद की बिजनौर में बर्बरतापूर्ण हमले से हुई हत्या पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

राज्यपाल ने अपने शोक संदेश में कहा है कि संवेदनशील पद पर काम करने वाले ऐसे अधिकारी की निर्ममतापूर्ण हत्या वास्तव में देश एवं प्रदेश के लिए चुनौती है। उन्होंने अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि इस कठिन घड़ी में सरकार के साथ-साथ पूरा देश उनके परिवार के साथ है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया है कि शीघ्र ही अपराधियों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

श्री नाईक ने दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना करते हुए स्व0 तंजील अहमद की घायल पत्नी श्रीमती फरजाना के शीघ्र स्वास्थ लाभ की भी कामना की है। उन्होंने ईश्वर से यह भी प्रार्थना की है कि दुःखी परिजनों को इस दारूण दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

अंजुम/ललित/राजभवन (133/9)